प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.02.2025/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

विधायक प्राथमिकता

प्रदेश के वर्ष 2025–2026 के वार्षिक बजट में विधायक प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए दो दिवसीय बैठकें आज से शिमला में होगी। इन बैठकों की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे। इसी कड़ी में आज कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, सोलन, चंबा, बिलासपुर और लाहौल स्पीति के विधायकों के साथ बैठक होगी जबकि कल 4 फरवरी को शिमला, मंडी, ऊना, हमीरपुर और सिरमौर ज़िले के विधायकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

जयराम ठाकुर

इस बीच भाजपा विधायक दल ने विधायक प्राथमिकता बैठकों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि बीते दो वर्षों में भाजपा विधायकों द्वारा बताए गए किसी भी काम को कांग्रेस सरकार ने प्राथमिकता नहीं दी है।

कबड्डी स्वर्ण

उत्तराखंड के हरिद्वार में खेली गई 38वीं राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल की बेटियों ने लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय चैंपियन बनकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। फाइनल मुकाबले में हिमाचल की टीम ने हरियाणा को 27–22 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। इस उपलब्धि को हासिल करने वाली प्रदेश की महिला कबड्डी टीम देश की पहली टीम बन गई है। हिमाचल महिला कबड्डी टीम की इस सफलता पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों सहित टीम स्टाफ को बधाई दी है।

कर्मचारी महासंघ

प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने विभिन्न विभागों में पदों को समाप्त करने पर विरोध जताया है। शिमला में आयोजित एक बैठक में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र चौहान ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर महासंघ सरकार को बजट सत्र से पहले मांगपत्र सौंपेगा। उन्होंने ये भी कहा कि विद्युत बोर्ड में समाप्त किए जा रहे पदों को लेकर कर्मचारियों द्वारा आयोजित महापंचायत में महासंघ के पदाधिकारी भाग लेकर विद्युत कर्मियों की मांगों का समर्थन करेंगे।

न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय में आज एक याचिका पर सुनवाई होगी, जिसमें महाकुंभ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिशा–निर्देश लागू करने की मांग की गई है। याचिका में राज्यों को यह निर्देश देने की भी मांग की गई है कि वे प्रयागराज में अपने सुविधा केंद्र स्थापित करें और आपात स्थिति में अपने राज्यों के नागरिकों को सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध करायें और सहायता करें।

महाकुंभ स्नान

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान जारी है। ये स्नान महाकुंभ मेले का सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र अनुष्ठान है। इससे पहले दो अमृत स्नान 14 जनवरी मकर संक्रांति और 29 जनवरी मौनी अमावस्या को हुए थे। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए अर्धसैनिक बलों सहित 50 हजार से अधिक पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम के रूप में पहचाने जाने वाले महाकुंभ मेले की शुरुआत 13 जनवरी को हुई और अब तक 35 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है हिमाचल को केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के एक हजार एक सौ 25 करोड़ रूपए ज्यादा मिलेंगे।

दैनिक जागरण मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है मैं चाहता हूं एचएएस अधिकारियों को मिले महत्वपूर्ण जिम्मेदारी। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत बनाने पर ध्यान दे रही सरकार।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है स्कूल प्रिंसिपल की रेगुलर डीपीसी को मंजूरी।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है पौंग डैम में इस साल 97 प्रजातियों के एक लाख 53 हजार 7 सौ 19 मेहमान परिंदे पहुंचे।